जितने रुपये की जरूरत है और जो रुपया आपके पास इस काम के लिये है तथा जो रुपया वर्ल्ड बैंक से मिला है, दोनों में कितना अन्तर है ?

डा० शंकरदयाल शर्मा : जैसा मैंने अभी बतलाया—छठा टेलीकम्युनिकेशन प्रोजेक्ट हमारी पांचवीं पंचवर्षीय योजना का एक हिस्सा है । इस योजना में विदेशी मुद्रा का जो आवश्यकता रखी गई थी, उसकी पूर्ति के लिये यह 80 मिलियन डालर का कर्जा मिला है जिसमें से 55 मिलियन डालर कच्चे माल पर खर्च होंगे और 25 मिलियन डालर का बना हुआ सामान लेंगे, यह सामान भी प्राय: ऐसा है जिसको इस्तेमाल कर के हम अपने यहां इक्विपमेंट बनायेंगे ।

श्री हरी सिंह : आपने मेरे प्रश्न के (ख) भाग के उत्तर में कहा है कि इस धन से देश के अन्दर टेलीकम्यूनिकेशन का विकास होगा । मैं जानना चाहता हूं कि देश के किन हिस्सों मे इस प्रोजेक्ट के अन्तर्गत रुपया खर्च किया जा रहा है, कितना रुपया खर्च किया जा रहा है तथा कहां-कहां पर खर्च किया जा रहा है ?

डा० शंकर दयाल शर्मा अध्यक्ष महोदय, इस के ब्रेकअप की लिस्ट बहुत लम्बी है, मैं इसको सदन की टेबिल पर रख देता हूं ।

### Telephone Facilities to Villages

*50. SHRI R. S. PANDEY: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether there is a plan with the Government to provide telephone facilities in far-flung villages; and

(b) if so, the outlines thereof?

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (DR. SHANKER DAYAL SHARMA): (a) and (b). Places in remote localities not having a telephone exchange within a radius of 40 Kms. have been included in the Policy for provision of Long Distance Public Call Offices, subject to the anticipated revenue being at least 25 per cent of the Annual Recurring Expendnture for ordinary areas, 15 per cent for backward areas and 10 per cent for hilly areas.

SHRI R. S. PANDEY: The very idea of introducing this scheme to provide telephones to remote villages is very good. It is reported here in the newspaper:

> "The telecommunication services in villages are being improved with a view to consolidating the infrastructure for faster agricultural and rural development ."

This is a very good object, so far as improving the telecommunication services in order to consolidate the infrastructure is concerned. The Tele-Communications Department has invented a 'Rurafone' which will have no wire on the surface. Then what would be the source of current for that? Will the hon. Minister explain what exactly is it?

डा० शंकर दयाल शर्मा · हमारे रिसर्च विंग ने हमारे देहात के इलाकों के लिये सेवा उपलब्ध कराने के लिये इसको डेवलप किया है । इसमें 15 किलोमीटर तक दो इक्विपमेंट लगाने पर एक जगह से दूसरी जगह बात हो सकती है । इसमें बैटरीज लगती हैं और दूसरे के मुकाबले खर्चा भी कम होता है । अभी हम इसको ट्राई कर रहे हैं, कहीं दूसरी वेव से कोई झंझट तो नहीं पड़ता है । अभी तो यह ट्रायल स्टेज में है ।

श्री एस० एम० बनर्जी : यह बहुत अच्छी बात है कि गांवों मे टेलीफोन लगेंगे, लेकिन क्या मंत्री महोदय इस बात का विश्वास

दिखायेंगे कि शहर में जिस तरह से लोगों को टेलीफोन न करने पर भी चार्ज देना पड़ता है, हजारों रुपये का एरियर बन जाता है, पता नहीं कौन टेलीफोन करता है, ऐसा गांवों में नहीं होगा ?

**अध्यक्ष महोदय** : इनका कहना है कि क्या गांवों में एरियर तो नहीं बनेगा, जैसा यहां बन जाता है।

**डा० शंकर दयाल शर्मा** : वहां तो बहुत कम टेलीफोन किये जाते हैं।

**श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली** : मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि भविष्य की योजनायें तो आपके दिमाग में हैं, किन्तु इस समय जो पर्वतीय क्षेत्र हैं, ग्रामीण क्षेत्र हैं उनमें संचार व्यवस्था इतने असन्तोषजनक ढंग से काम कर रही हैं कि न तो सुनाई देता है और न लाइनें काम कर रही हैं, तो क्या वर्तमान लाइनों को भी सुधारने का प्रावधान है ?

**डा० शंकर दयाल शर्मा** यह बात ठीक है कि जहां दूर तक लम्बी लाइन लें जाते हैं वहां कई कारणों से, प्राकृतिक कारणों से तार गड़बड़ हो जाते हैं, कभी-कभी पेड़ गिर जाते हैं या और दूसरे कारण हो जाते है जिसकी वजह से हम को दिक्कत होती है क्योंकि देहात में काफी दूर तक लाइन ले जाते हैं। कई जगहों पर खास कर पर्वतीय और देहाती क्षेत्रों में खर्चा कम करने के लिये लकड़ी के पोल्स भी लगाये हैं। दूसरे पोल्स भी तेज हवा या पेड़ के गिरने से टूट जाते हैं, तार गड़बड़ हो जाते हैं। दूसरे कहीं-कहीं जब दूर तक तार जाता है तो तारों की चोरी भी हो जाती है। तो यह तमाम कारण हैं जो गड़बड़ पैदा करते हैं। लेकिन कोशिश है कि देहात के क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा सहूलियत हम पहुंचायें। जहां भी हमें शिकायत मिलती है उसे दूर करने का प्रयास करते हैं।

MR. SPEAKER: Question Hour over.

---

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS.

### Effects of Atomic Radiation on People of Coastal areas of Kerala

*47. SHRI VARKEY GEORGE: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY PLANNING be pleased to state:

(a) whether the attention of the Government has been drawn to recent press reports which say that the slow process of atomic radiation in the coastal areas of Kerala affects the mental growth of the people living there; and

(b) if so, what remedies are being contemplated to save people from the hazards of atomic radiation?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY PLANNING (DR KARAN SINGH). (a) Yes, Sir.

(b) Further studies are required before a positive conclusion can be reached in this matter

### Iron ore deposit in Bihar

*51. SHRI SAROJ MUKHERJEE:
SHRI G. P YADAV:

Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:

(a) whether the Geological Survey of India reported that world's largest iron ore deposit is located in Chiria in Manohargarh District of Bihar; and

(b) if so, the time by which mapping, drilling, analysing of samples, etc., will be completed?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI CHANDRAJIT YADAV): (a) Based on recent investigations, the Mineral Exploration Corporation have estimated reserves of